# तेरे बन जायेंगे बिगड़े काम | By Muskan Shrivastava

बन जाएंगे तेरे सारे काम
सुबह शाम जपले सीताराम
राम नाम से ही चारो धाम
सीताराम करले गुणगान
जय श्री राम बोलो जय श्री राम
बन जाएंगे तेरे सारे काम
सुबह शाम जपले सीताराम

देने वाले सीताराम
लेने वाला बन इंसान
सारा जग राम रटता
राम जी की महिमा महान
बन जाएंगे तेरे सारे काम
सुबह शाम जपले सीताराम

पत्थर को भी तारा राम
तेरा भी करेंगे कल्याण
महिमा सीताराम नाम की
पावन है ये दो अक्षर का नाम
बन जाएंगे तेरे सारे काम
सुबह शाम जपले सीताराम

भज कर ही राम नाम तू
तर गए जी वीर हनुमान
झूठे बेर खाये राम ने
सबरी का किया था कल्याण
बन जाएंगे तेरे सारे काम
सुबह शाम जपले सीताराम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%a8-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be/